3059(E)
08/05/26

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 08/5/2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, बेनीपुर के अन्तर्गत पथ प्रमंडल, बेनीपुर अन्तर्गत रोसड़ा–मब्बीढ़ाला–सरहचिया–मंगलगढ़–काले–राजघाट–सतीघाट पथ के कि०मी० 22.52 से 30.92 (कुल–8.40 कि०मी० पथांश लम्बाई) में मिट्टीकार्य, PQC कार्य, बचाव कार्य, RCC Box Culvert निर्माण कार्य, RCC H.L. Bridge निर्माण कार्य, विविध कार्य एवं पथ फर्निचर कार्य सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026 एवं पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अनिल कुमार सिंह, अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–22.04.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–1258 दिनांक–22.04.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1414(अनु०) दिनांक–07.05.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–07.05.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | रोसड़ा–मब्बीढ़ाला–सरहचिया–मंगलगढ़–काले–राजघाट–सतीघाट पथ के कि०मी० 22.52 से 30.92 (कुल–8.40 कि०मी० पथांश लम्बाई) में मिट्टीकार्य, PQC कार्य, बचाव कार्य, RCC Box Culvert निर्माण कार्य, RCC H.L. Bridge निर्माण कार्य, विविध कार्य एवं पथ फर्निचर कार्य सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य। |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, बेनीपुर। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹3956.14 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–5013(एस०) दिनांक–01.09.2020 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹4320.40 लाख।<br>मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–402(अनु०) दिनांक–09.10.2020 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹4279.73832 लाख। |

2.7 कार्य समाप्ति की अवधि : 18 (Eighteen) Months.

2.8 निविदा की प्रक्रिया : ई–टेंडरिंग (SBD)

2.9 निविदा प्राप्ति की तिथि : 19.02.2026

2.10 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा नहीं है।

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 07 (सात) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Banshidhar Construction Pvt. Ltd.
(2) M/s Adarsh Construction
(3) Pratayaksha-Ziva "JV"
(4) Sincon Infrastructure Pvt. Ltd.
(5) Govind Kumar Jha
(6) Govind Jha
(7) M/s Barhonia Engicon Pvt. Ltd.

4. उपभागीय ज्ञापांक–1258 दिनांक–22.04.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–22.04.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में कुल सात निविदाकारों में से दो निविदाकार यथा (1) Govind Jha एवं (2) M/s Barhonia Engicon Private Limited को निविदा की वांछित अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल एवं शेष पाँच निविदाकार यथा (1) M/S Banshidhar Construction Pvt. Ltd. को SBD के ITB Cl-16 & IFB के आलोक में (2) M/S Adarsh Construction को ITB Cl-16 & IFB, ITB Cl.-4.5 (A) (b) एवं ITB- Cl.- 4.7 के आलोक में (3) Pratayaksha-Ziva "JV" को SBD के ITB Cl.- 4.5 (A) (b), ITB Cl- 16 & IFB एवं ITB Cl.- 4.7 के आलोक में (4) Sincon Infrastructure Pvt. Ltd. का SBD के ITB Cl.-4.5(A)(c) के आलोक में एवं (5) Govind Kumar Jha को SBD के ITB Cl.- 4.5 (A) (b) के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया।

विभागीय निदेश के अनुसार दो कार्य दिवस में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त होने पर सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही वित्तीय बीड खोलने का निर्णय लिया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–1258 दिनांक–22.04.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–22.04.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के संदर्भ में विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार M/S Govind Kumar Jha के पत्रांक–19/26-27/GOVIND JHA, दिनांक–23.04.2026, Sincon Infrastructure Pvt. Ltd. के पत्रांक–SIPL/2025-26/07 दिनांक–23.04.2026, M/S Adarsh Construction का पत्रांक–Tender/2026-27/31, दिनांक–25.04.2026 एवं Banshidhar Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक–BCPL/26-27/RCD/CE-NORTH/16 दिनांक–24.04.2026 द्वारा आपत्ति तथा Banshidhar Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक–BCPL/26-27/RCD/CE-NORTH/17 दिनांक–24.04.2026 द्वारा मेसर्स गोविन्द झा के विरूद्ध परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1414 (अनु०) दिनांक–07.05.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–07.05.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में असफल निविदाकार M/S Govind Kumar Jha के पत्रांक–19/26-27/GOVIND JHA, दिनांक–23.04.2026, Sincon Infrastructure Pvt. Ltd. के पत्रांक–SIPL/2025-26/07 दिनांक–23.04.2026, M/S Adarsh Construction का पत्रांक–Tender/2026-27/31, दिनांक–25.04.2026 एवं Banshidhar Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक–BCPL/26-27/RCD/CE-NORTH/16 दिनांक–24.04.2026 द्वारा आपत्ति तथा Banshidhar Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक–BCPL/26-27/RCD/CE-NORTH/17 दिनांक–24.04.2026 द्वारा मेसर्स गोविन्द झा के विरूद्ध परिवाद समर्पित किया गया है।

<u>आपत्ति/परिवाद की समीक्षा</u> :–

| | परिवाद | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय/अनुशंसा | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|
| 1. | **Govind Kumar Jha द्वारा प्राप्त आपत्ति :–**<br>उपरोक्त प्रासंगिक विषयक संबंध में सूचित करना है कि कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, बेनीपुर, दरभंगा द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RCD/07/बेनीपुर/2025–26 दिनांक–30.01.2026 को रोसड़ा–मब्बीढ़ाला–सरहचिया–मंगलगढ़–काले–राजघाट–सतीघाट पथ के कि0मी0 22.52 से 30.92 (कुल 8.40 कि0मी0 पथांश लम्बाई) में मिट्टीकार्य, PQC कार्य, बचाव कार्य, RCC Box Culvert निर्माण कार्य, RCC H.L. Bridge निर्माण कार्य, विविध कार्य एवं पथ फर्निचर कार्य सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का निविदा आमंत्रित किया गया था। जिसमें मेरे द्वारा निविदा प्रक्रिया में भाग लिया गया था। जिसमें आपके कार्यालय द्वारा दिनांक–22.04.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक सम्पन्न कर मुझे तकनीकी मूल्यांकन में अयोग्य कर दिया गया है। जिसपे आपका ध्यानाकृष्ट करना चाहेंगे :–<br>1. वर्णित निविदा में आपके कार्यालय द्वारा | निविदाकार से प्राप्त आपत्ति की समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा Executive Engineer, Western Koshi Canal Division, Sakri के पत्रांक– 280, दिनांक– 19.03.2025 द्वारा निर्गत "Construction of Black Top Road on Left bank of Sakri Branch Canal from RD. 119.00 to RD. 145.44 Shrirampur Distributory from RD. 0.00 to RD. 26.50 and Laxmanpur minor from RD. 0.00 to RD. 1.00. कार्य" का Similar Nature of work हेतु Upload किये हैं जिसमें कृत कार्य की राशि 5295.88018 लाख अंकित है, जो वांछित अर्हत्ता से अधिक है। उक्त प्रमाण पत्र में पथ कार्य से संबंधित सभी प्रमुख कार्य मद यथा Earth Work 354688.643 $M^3$, GSB- 30028.54 $M^3$, WMM- 14033.34 $M^3$, DGBM- 3118.52 $M^3$, BC- 1559.26 $M^3$ एवं RCC- | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | संवेदक के सभी अपलोड दस्तावेज को SBD के सुसंगित कंडिका द्वारा कुल 22 बिन्दुओं पर तकनीकी बीड का मूल्याकंन किया गया है। जिसमें से 01 बिन्दु Experience of Similar Nature of work (ITB-CL--4.5(A) (b) में मुझे "Attached Certificate do not have items of Justify Similar Nature" को दर्शाते हुए निविदा की प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया है।<br>उल्लेखनीय है कि वर्णित निविदा में Upload किए Technical Sheet एवं परिमाण विपत्र के अनुसार Concrete work (Total= 2974.40$M^3$) Non-Bituminous (Total= 5678.34$m^3$), Earth work (Total= 48629.310$m^3$), Bituminous work (Total= 1314.980$M^3$), एवं Pile (R.C.C. Vertical 1200mm/1000mm (Total= 369m) का मांग किया गया है एवं Similar Nature of work के लिए किसी एक कार्य का कार्य अनुभव कुल परिमाण विपत्र का 10% (427.97383 लाख) होना अनिवार्य था। जिसके तहत मेरे द्वारा वर्णित निविदा में कार्यपालक अभियंता पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, झंझारपुर के पत्रांक–388 दिनांक–23.03.2025 द्वारा निर्गत कार्य अनुभव प्रमाण पत्र के साथ–साथ अन्य कार्य अनुभव प्रमाण पत्र भी संलग्न किया गया है। जिसके फलस्वरूप आपके कार्यालय द्वारा इस निविदा प्रक्रिया में वर्णित कार्य अनुभव प्रमाण पत्र को अनदेखी कर दिया गया है।<br>2. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, मधुबनी के द्वारा आमंत्रित निविदा संख्या–RCD/13/मधुबनी / 2025–26 में | 591.055 $M^3$ की सम्पादित मात्रा अंकित है, जिससे स्पष्ट होता है कि निविदाकार, Govind Kumar Jha को पथ कार्य के सभी प्रमुख कार्य मदों की अर्हत्ता प्राप्त है। अतः ये SBD के ITB Cl. 4.5 A (b) की अर्हत्ता पूर्ण करते हैं।<br>इनके द्वारा SBD के ITB Cl. 4.5 A (c) के तहत् वांछित कार्य मदों की मात्रा निविदा में संलग्न किया गया है, जिसमें Pile Work की सम्पादित मात्रा वित्तीय वर्ष 2021–22 में 584.00 M है जो वांछित मात्रा 369.00 M से अधिक है।<br>अतः आपत्ति का यह बिन्दु मान्य किया जाता है। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | Upload Technical Sheet एवं परिमाण विपत्र के अनुसार Concrete work (Total =3725.297$M^3$), Non-Bituminous (Total= 9866.59$M^3$), Earth work (Total= 39510.248$M^3$) एवं Pile (Cast in Situ 1000mm/1200mm) Total 485.34m की मात्रा मांग किया गया था। एवं Similar Nature of work के लिए किये गये कार्य अनुभव कुल परिमाण विपत्र के न्यूनतम 10% (579.89793 लाख) का होना अनिवार्य था।<br><br>यह भी उल्लेखनीय है कि कंडिका (1) एवं कंडिका (2) में वर्णित दोंनो कार्य का प्रकृति समान होने के फलस्परूप निविदा में Similar Nature of work के लिए कार्य अनुभव प्रमाण पत्र का स्परूप एक जैसा है।<br><br>अंकनिय है कि कंडिका (2) में वर्णित कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दिनांक–31.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन में कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, झंझारपुर के पत्रांक–388 दिनांक–23.03.2025 द्वारा निर्गत कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र को समावेश करने का निर्णय आपके कार्यालय द्वारा ही लिया गया था (संलग्न)।<br><br>**3.** कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, बेनीपुर दरभंगा के निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RCD/07/बेनीपुर/2025–26 में अपलोड Bid Document के कंडिका 4.5 (A) (b) में यह उल्लेखित नहीं किया गया है कि परिमाण विपत्र के सभी कार्य मद का कार्य अनुभव किसी एक ही कार्य अनुभव प्रमाण पत्र में होना अनिवार्य है। | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | अतः भवदीय से अनुरोध है कि कार्यपालक अभियंता, कोशी नहर प्रमण्डल, झंझारपुर के पत्रांक–388 दिनांक–23.03. 2025 द्वारा निर्गत कार्य अनुभव प्रमाण पत्र को पुनः Similar Nature of work में समावेशित कर निविदा में योग्य घोषित करने हेतु पार्थित हूँ। | | |
| 2. | **Sincon Infrastructure Pvt. Ltd. द्वारा प्राप्त आपत्ति :–**<br>उपरोक्त प्रासंगिक संदर्भ में निवेदन पूर्वक कहना है कि उपरोक्त वर्णित निविदा में हमारे द्वारा भाग लिया गया था जिसमें श्रीमान के द्वारा जारी किये गए प्रासंगिक पत्र के अनुसार हमें निम्नांकित अहर्ताओं में अयोग्य घोषित किया गया है।<br>1. Earth Work- की कुल अहर्ता 48629.310 $M^3$ है, जिसमे हमारे द्वारा निविदा में Upload की गयी Earth Work की कुल मात्रा वित्तीय वर्ष 2021–22 में 48705.23 $M^3$ है। जबकि महोदय द्वारा Earth Work की कुल मात्रा केवल 47098.17 $M^3$ दर्शाया गया है। महोदय Earth Work के गणना में कार्यपालक अभियंता, नई राजधानी पथ प्रमंडल, पटना द्वारा जारी किए गए Experience Certificate के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021–22 में दर्शाये गए Earth Work की कुल मात्रा 1607.06 $M^3$ को भूलवश सम्मिलित नहीं किया गया है जो निविदा में संलग्नित है।<br>2. 1200mm/1000mm dia RCC Vertical Pile की कुल वांछित अहर्ता 396 M मांगी गयी है, जिसमें हमारे द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में निविदा में Upload की गयी RCC Vertical Pile की कुल मात्रा | निविदाकार को SBD के ITB Cl. 4.5 A (c) के तहत् सम्पादित कार्य मदों की मात्रा का चालू विपत्र निविदा में Upload किया गया है, जिसमें कार्य मदों की मात्रा वित्तीय वर्षवार नहीं होने के कारण इन्हे निविदा में असफल घोषित किया गया।<br>प्राप्त आपत्ति के आलोक में निविदाकार द्वारा Uploaded पथ प्रमंडल, बाँका, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सहरसा एवं ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मधेपुरा में किये गये कार्य क्रमशः एकरारनामा सं0–09/SBD/2023-24, 02SBD/ MMGSY/NDB/2023-24 एवं 43/SBD/2023-24 का चलता लेखा विपत्र (जिसमें वर्षवार मात्रा स्पष्ट नहीं है) का सत्यापन कराने पर कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मधेपुरा के पत्रांक– 900, दिनांक– 05.05.2026 द्वारा Pile 1200mm dia की मात्रा वित्तीय वर्ष 2024–25 में 792.00 M बताया गया है जो वांछित मात्रा 369. 00 M से अधिक है।<br>निविदाकार द्वारा Executed | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 528 M एवं वित्तीय वर्ष 2024–25 में 2042 M दर्शाया गया है जो की संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा हस्ताक्षरित/प्रमाणित दस्तावेज है एवं निविदा में संलग्नित है। जबकि महोदय द्वारा पिछले पाँच वर्ष में RCC Vertical pile की मात्रा किसी भी वित्तीय वर्ष में नहीं दर्शाया गया है।<br>उपरोक्त वर्णित निविदा में Earth Work एवं RCC Vertical Pile में माँगी गयी वांछित अहर्ताओं को हम पूर्ण करते है एवं इससे संबंधित समस्त साक्ष्यों को हमारे द्वारा निविदा में Upload किया गया है जिसकी छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्नित है।<br>अतः श्रीमान से नम्र निवेदन है की उपरोक्त वर्णित निविदा के तकनिकी बीड में पुनः विचार करते हुए हमें सफल घोषित करने की कृपा की जाये जिसके लिए हम श्रीमान के सदा आभारी रहेंगे। | Quantity से संबंधित Uploaded Documents के सत्यापित प्रमाण पत्रों के आधार पर Earth Work कार्य की गणना के फलस्वरूप कुल मात्रा 47098.17 $M^3$ थी, जो कि वांछित मात्रा 48629.310 $M^3$ से कम थी। अतः इन्हें ITB Cl. 4.5 A (c) के तहत् तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया था। पुनः आपत्ति के उपरांत Uploaded अन्य प्रमाण–पत्र का सत्यापन के उपरांत मिट्टी कार्य की गणना की गयी जो 48705.23 $M^3$ है, जो वांछित मात्रा 48629.31 $M^3$ से अधिक हैं।<br>अतः आपत्ति का यह बिन्दु मान्य किया जाता है। | |
| 3. | **M/S Adarsh Construction द्वारा प्राप्त आपत्ति :–**<br>उपरोक्त तकनीकी बिड में मूल्यांकन में आपके द्वारा हमें (आदर्श कंस्ट्रक्शन) को असफल घोषित किया गया है, जिसके संदर्भ में कारणों का स्पष्टीकरण निम्नलिखित है, जिसे कृपया विचार किया जाए।<br>**1.** आपके द्वारा यह बताया गया है कि ITB-16 एवं IFB के आलोक में Conditional BG अपलोड किया गया है, जो कि सही नहीं है। हमारे द्वारा Unconditional BG, आपके द्वारा SBD Format में दिए गए BG Format के अनुरूप ही अपलोड किया गया है। | निविदाकार द्वारा Uploaded Bank Guarantee के Forwarding letter के माध्यम से एक Condition impose किया गया है, जो निम्नवत् है–<br>"Designated Bank Branch for submission of invocation claim", के आलोक में इन्हे तकनीकी बीड मे असफल घोषित किया गया था।<br>निविदाकार द्वारा प्राप्त आपत्ति के आलोक में समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत पाया गया कि निविदा में Upload किया गया BG, SBD के Format में है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | अतः आपत्ति का यह बिन्दु मान्य किया जाता है। | |
| | **2.** तकनीकी बिड मूल्यांकन में आपके द्वारा उल्लेखित किया गया है कि SBD के ITB Cl.- 4.5 (A) (b) के आलोक में Similar Nature of Work से संबंधित अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड नहीं किया गया है, जो कि सही नहीं है।<br><br>SBD के ITB Cl.- 4.5 (A) (b) के अनुसार कार्य का मूल्य ₹ 427.97383 लाख (₹चार करोड़ सत्ताईस लाख संतानवे हजार तीन सौ तिरासी मात्र) निर्धारित हैं। JV के मामले में न्यूनतम आवश्यकताएँ निम्नलिखित थीं–<br>• Lead Member हेतु - ₹213.98692 लाख<br>• Other Member हेतु – ₹106.99346 लाख [Cl. 4.5 (A) (b)]<br><br>उक्त के आलोक में हमारे द्वारा कुल तीन कार्यों के अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड किए गए थे, जिनकी राशि क्रमशः ₹56.3134 करोड़, ₹11.1004 करोड़ एवं ₹20.3464 करोड़ है। उक्त सभी प्रमाण पत्र आपके सुलभ संदर्भ हेतु इस पत्र के साथ पुनः संलग्न किए जा रहे हैं।<br><br>आपके द्वारा यह भी बताया गया है कि कार्य के मुख्य मदों का विवरण उपलब्ध नहीं है, जबकि मुख्य मदों से संबंधित Quantity of Work Done आपके द्वारा माँगे गए SBD Qualification Information Cl. 1.3.2 के अन्तर्गत प्रमाण पत्र के साथ अपलोड किया गया है। | निविदाकार द्वारा Similar Nature Work के अन्तर्गत तीन प्रमाण पत्रों को Upload किया गया है, परन्तु तीनों में से किसी प्रमाण पत्र में कार्य मदों की विवरणी अंकित नहीं है।<br><br>अतः आपत्ति का यह बिन्दु अमान्य है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **3.** आपके द्वारा उल्लेखित किया गया है कि Bid Capacity की गणना नहीं की जा सकी, क्योंकि Existing Commitment /Ongoing Work Certificate इंजीनियर इंजार्च द्वारा अपलोड नहीं किया गया है।<br>इस संबंध में निवेदन है कि Bid Capacity की गणना Existing Commitment/Ongoing Work Certificate (इंजीनियर इंजार्च द्वारा निर्गत) के अनुसार ही की गई है, जिसकी जानकारी आपके द्वारा माँगे गए Qualification Information Cl. 1.4 (A) के अन्तर्गत प्रस्तुत की गई है। साथ ही, उक्त Existing Commitment/Ongoing Work Certificate (इंजीनियर इंचार्ज द्वारा निर्गत)।अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि उपर्युक्त तथ्यों एवं संलग्न प्रमाणों के आलोक में M/s आदर्श कंस्ट्रक्शन की तकनीकी बिड का पुनः विचार करते हुए उसे सफल घोषित करने की कृपा की जाए। | निविदाकार के द्वारा Existing Commitment के समर्थन में इंजीनियर इंचार्ज द्वारा निर्गत/ Counter signed प्रमाण पत्र जो परिवाद के साथ समर्पित किया गया है, निविदा में Uploaded नहीं है।<br>अतः आपत्ति का यह बिन्दु अमान्य है। | |
| 4. | **Banshidhar Construction Pvt. Ltd. द्वारा प्राप्त आपत्ति :–**<br>With reference to the minutes of the Technical Bid Evaluation Committee meeting held on April 22, 2026, we note that our bid (M/s Banshidhar Construction Pvt. Ltd.) was declared non-responsive on the grounds of submitting a "Conditional Bank Guarantee". We wish to submit the following points for your kind consideration to demonstrate that the Bid Security Provided is legally valid and functionally unconditional:<br>1. **Compliance with SFMS** | निविदाकार द्वारा Uploaded Bank Guarantee के अंतिम Para में Conditions impose किये गये हैं जो निम्नवत् है–<br>"This Bank Guarantee shall be effective only when the BG message is transmitted by the Issuing Bank through SFMS (Message Type IFN 760 COV – Bank Guarantee Message) to SBI, Darbhanga, IFSC Code-SBIN0000062 (Bank of Beneficiary) and written confirmation to that effect is issued by the bank of | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **Mandatory Guidelines:** The text regarding the Structured Financial Messaging System (SFMS) in our Bank Guarantee (No. QX2GPGE260490358) is a standard requirement mandated by the Department of Financial Services and the RBI for all Public Sector Banks to ensure the authenticity of the instrument.<br>As per DFS Circular F. No. 7/112/2011-BOA, no Public Sector Bank (PSB) can issue a BG after August 1, 2012, except through the SFMS system. The bank must have the Beneficiary's IFSC code to transmit the digital message (IFN 760 COV). The paper BG is technically considered "operative" only after this digital advice is received by the beneficiary's bank.<br>2. **Verification Status:** The SFMS transmission (Message Type: IFN 760 COV) has already been completed by the issuing bank to the beneficiary bank, SBI Darbhanga (IFSC: SBIN0000062). Since the transmission is successful, the "effective only when" clause is fully satisfied, rendering the BG fully operative and unconditional as of the bid submission date.<br>Legal Principle: Cessante Ratione Legis Cessat Ipsa Lex (When the reason for a rule ceases, the rule itself ceases). RCD is afraid the BG is "conditional" (i.e., it might not work). | Beneficiary."<br>निविदाकार द्वारा प्राप्त आपत्ति में बताया गया है कि उक्त वर्णित प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। अतः यह BG Conditional नहीं है।<br>परन्तु उक्त प्रक्रिया पूर्ण होने से सम्बन्धित कोई भी Document निविदा में uploaded नहीं है। विभागीय पत्रांक–6158 (S), दिनांक–09.07.2014 के आलोक में Earnest money प्रथम प्रक्रम में है जिसके लिए कोई Clarification मान्य नहीं है।<br>अतः आपत्ति का यह बिन्दु अमान्य है। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | However, because the SFMS transmission to SBI Darbhanga (IFSC: SBIN0000062) has already occurred, the " condition" is no longer a condition------- it is an accomplished fact.<br>3. We had requested the Executive Engineer for IFSC Code and the code was obtained from the Accounts Department of Road Construction Department, Benipur. The IFSC code was supplied only after this confirmation and we have official record of this communication.<br>4. Irrevocable Commitment- Our Bank Guarantee remains an unconditional under taking to pay the sum of Rs. 52.80 Lacs on your first written demand without any requirement for substantiation. The SFMS clause is an administrative verification protocol and does not restrict the Department's legal right to claim the amount.<br>5. Prior Precedents: It is submitted that this SFMS phrasing is a technicality introduced by banking software to prevent fraud and does not alter the "On-Demand" nature of the security required under SBD ITB Clause 16.<br>Fact of Completion: The SFMS transmission is an accomplished fact (already done), so the clause "effective only when" is no longer a "future condition" but a "past event," making the BG immediately encashable. | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 6. Rural Works Department, Government of Bihar: Standard Practice- This is now standard practice at Rural Works Department where the department will not accept BG without SFMS code generated. One's bed cannot be denied for progressive approach.<br>7. The Principle of "Operative Dominance"-<br>Case: Vinitec Electronics Private Ltd. Vs HCL Info systems Ltd. (Supreme Court of India)<br>The Ruling: The Supreme Court held that the recitals (background text) of a bank guarantee contract cannot control the operative part. Even if there are references to other conditions or contracts in the preamble, if the operative part says the bank will pay "unconditionally on first demand, " the BG is considered unconditional.<br>8. Against "Hyper-Technical" Rejections<br>Case: Poddar Steel Corporation Vs Ganesh Engineering Works (Supreme Court of India)<br>The Ruling: The Court distinguished between "essential" conditions and "ancillary/ subsidiary" conditions of a tender. It ruled that a bid should not be rejected for a minor technical deviation that doesn't affect the main purpose of the requirement (which is the security of the money).<br>In light of the above, and given that our firm meets all other technical | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | criteria including turnover and registration, we requested that our bid be considered "Responsive." | | |
| | **Banshidhar Construction Pvt. Ltd. द्वारा प्राप्त परिवाद :–**<br>**M/s Govind Jha के विरूद्ध परिवाद :–**<br>निविदाकार ने अपनी सभी वर्तमान प्रतिबद्धताओं (existing Commitments) को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित नहीं किया है, क्योंकि ग्रामीण कार्य विभाग (RWD) की विभिन्न निविदाओं में देखी गई उनकी बिड क्षमता (Bid capacity) सीमित है और इस निविदा के लिए पर्याप्त नहीं है।<br>निविदाकार को हाल ही में ग्रामीण कार्य विभाग में कुछ कार्य आवंटित किए गए है, यह जांचना आवश्यक है कि क्या इन कार्यों को वर्तमान प्रतिबद्धताओं (existing commitment) में दिखाया गया है।<br>कार्यों का विवरण निम्नलिखित है :–<br>1. Title: T18-SH 75 DKBM ROAD TO BIRDIPUR VIA KARHARA GHAT CONSTRUCTION OF RCC HL BRIDGE AT CH 2.700 KM IN T18-SH 75 DKBM ROAD TO BIRDIPUR VIA KARHARAGHAT<br>Tender ID: 2024_RWD_130903_1<br>2. Title : Construction of HL RCC Bridge Narsam Main Road to Durjauliya At Sivaul<br>Tender ID: 2025_RWD_144603_1<br>3. Title: RRSMP/24-25 Benipatti/03 | परिवाद में प्राप्त तीन कार्य में से निविदाकार के द्वारा एक कार्य (Title- RRSMD/2024-25 Benipatti/03) को Existing Commitment में दर्शाया गया है।<br>शेष दो कार्यों के संबंध में उपभागीय पत्रांक–1353 (अनु0), दिनांक–04.05.2026 के द्वारा संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बेनीपट्टी से प्रतिवेदन की माँग की गई। जिसके आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बेनीपट्टी का पत्रांक–1090 (अनु0), दिनांक–05.05.2026 एवं Email दिनांक–07.05.2026 से बताया गया है कि (i) T18-SH 75 DKBM ROAD TO BIRDIPUR VIA KARHARA GHAT CONSTRUCTION OF RCC HL BRIDGE AT CH 2.700 KM का कार्य संवेदक M/s Govind Jha के द्वारा दिनांक–20.07.2025 को पूर्ण करा लिया गया है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है।<br>(ii) : Construction of HL RCC Bridge Narsam Main Road to Durjauliya At Sivaul (Tender ID-2025_RWD_444603_1) का कार्य की निविदा को अपरिहार्य कारणवश ग्रामीण कार्य विभाग का कार्यालय | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | Tender ID: 2025_RWD_139677_1<br>संभवतः इनका एकरारनामा हाल ही में हुआ है, इसलिए यह कार्य अभी पूर्ण नहीं हो सकते हैं। अतः आपसे अनुरोध है कि financial evaluation की प्रक्रिया शुरू करने से पहले उपरोक्त तथ्यों की जांच कर ली जाए। | आदेश संख्या–33, दिनांक–30.04.2026 द्वारा रद्द कर दिया गया है। परन्तु निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक–19.02.2026 को उक्त निविदा में निविदाकार प्रतिस्पर्धा में थे, परन्तु इसे Bid Already Submitted में निविदाकार द्वारा नहीं दर्शाया गया है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु मान्य किया जाता है। | |

7. **परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :–**

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत एवं सम्यक विचारोपरान्त तकनीकी बीड में असफल निविदाकार M/S Govind Kumar Jha के पत्रांक–19/26-27/GOVIND JHA, दिनांक–23.04.2026, Sincon Infrastructure Pvt. Ltd. के पत्रांक–SIPL/2025-26/07, दिनांक–23.04.2026, M/S Adarsh Construction का पत्रांक–Tender/2026-27/31, दिनांक–25.04.2026 एवं Banshidhar Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक–BCPL/26-27/RCD/CE-NORTH/16 दिनांक–24.04.2026 द्वारा आपत्ति तथा Banshidhar Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक–BCPL/26-27/RCD/CE-NORTH/17 दिनांक–24.04.2026 द्वारा मेसर्स गोविन्द झा के विरूद्ध दिए गए परिवाद/आपत्ति को उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में मान्य करते हुए उपभागीय ज्ञापांक–1258 दिनांक–22.04.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–22.04.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय को संशोधित करते हुए सात निविदाकारों में से तीन निविदाकार यथा (1) Govind Kumar Jha (2) Sincon Infrastructure Pvt. Ltd. एवं (3) M/s Barhonia Engicon Private Limited को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है। साथ ही शेष चार निविदाकार (1) M/S Banshidhar Construction Pvt. Ltd. को SBD के ITB Cl-16 & IFB के आलोक में (2) M/S Adarsh Construction को SBD के ITB Cl.-4.5 (A) (b) एवं ITB- Cl.-4.7 के आलोक में (3) Pratayaksha-Ziva "JV" को SBD के ITB Cl.-4.5 (A) (b), ITB Cl-16 & IFB एवं ITB Cl.-4.7 के आलोक में एवं (4) Govind Jha को SBD के ITB Cl.-4.1 Section-2 1.4 (B) के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने हेतु अनुशंसा की जाती है।

8. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार M/S Govind Kumar Jha के पत्रांक–19/26-27/GOVIND JHA, दिनांक–23.04.2026, Sincon Infrastructure Pvt. Ltd. के पत्रांक–SIPL/2025-26/07, दिनांक–23.04.2026, M/S Adarsh Construction का पत्रांक–Tender/2026-27/31, दिनांक–25.04.2026 एवं Banshidhar Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक–BCPL/26-27/RCD/CE-NORTH/16 दिनांक–24.04.2026 द्वारा आपत्ति तथा Banshidhar Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक–BCPL/26-27/RCD/CE-NORTH/17 दिनांक–24.04.2026 द्वारा मेसर्स गोविन्द झा के विरूद्ध दिए गए परिवाद/आपत्ति को उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में मान्य किया जाता है।

(ii) शेष चार निविदाकार यथा (1) M/S Banshidhar Construction Pvt. Ltd. को SBD के ITB Cl-16 & IFB के आलोक में (2) M/S Adarsh Construction को SBD के ITB Cl.-4.5 (A) (b) एवं ITB- Cl.-4.7 के आलोक में (3) Pratayaksha-Ziva "JV" को ITB Cl-16 & IFB एवं ITB Cl.-4.7 के आलोक में एवं (4) Govind Jha को SBD के ITB Cl.-4.1, Section-2 Qualification Information के Sl. No.-1.4 (B) के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है।

(iii) Govind Kumar Jha (2) Sincon Infrastructure Pvt. Ltd. एवं (3) M/s Barhonia Engicon Private Limited को तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है। तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर को दिया जाता है।

(iv) उपभागीय ज्ञापांक–1258 दिनांक–22.04.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–22.04.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(v) मुख्य अभियंता, उत्तर संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.2 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 08/05/26 | 08/5/26 | 08/05/26 | 08/05/26 |
| (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर, पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (राजेश कुमार गुप्ता)<br>मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (अनिल कुमार सिंह)<br>अभियंता प्रमुख<br>(मुख्यालय),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–31/2026 3059 (E) पटना, दिनांक 08/05/26

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

08/05/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।